अनुक्रमांक .................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................ पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2019
## (हिन्दी)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 'परशुराम की प्रतीक्षा' के रचनाकार है- **(1)**

(A) जयशंकर प्रसाद (B) रामधारीसिंह 'दिनकर'

(C) प्रेमचन्द (D) महादेवी वर्मा

**2.** 'प्रत्येक' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है- **(1)**

(A) प्र (B) प्रत्य

(C) प्रति (D) एक

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन करें- **(1)**

(A) जेष्ठ (B) जेस्ठ

(C) जेठ (D) ज्येष्ठ

**4.** संस्कृत के वे शब्द जो हिन्दी में ज्यों के त्यों प्रयुक्त होते हैं, वे कहे जाते हैं- **(1)**

(A) तद्भव (B) तत्सम

(C) संकर (D) देशज

**5.** निम्न में से संयुक्त व्यंजन नहीं है- **(1)**

(A) क्ष (B) त्र

(C) ज्ञ (D) ऋ

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** 'पुष्प' तथा 'बिजली' शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **(1)**

**7.** 'जीवन निर्वाह' तथा 'वीणा-वादिनी' में प्रयुक्त समास का नाम लिखिए। **(1)**

**8.** 'आग बबूला होना' मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए। **(1)**

**9.** 'अनुप्रास' अलंकार का एक उदाहरण लिखिए। **(1)**

**10.** 'उप' तथा 'प्रति' उपसर्ग लगाकर दो-दो शब्द लिखिए। **(1)**

**11.** प्रकृति का सुकुमार कवि किसे कहा जाता है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** भाषा शिक्षण के प्रमुख कौशल कौन-कौन से है? किन्हीं दो कौशलों के उद्देश्य लिखिए। **(2)**

**13.** प्रेरणार्थक क्रिया किसे कहते हैं? **(2)**

**14.** किसी एक त्योहार पर अपने शब्दों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति प्रस्तुत कीजिए। **(2)**

**15.** भाषा शिक्षण में मौन वाचन के महत्व को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**16.** लोकोक्ति तथा मुहावरे में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**17.** विस्मयादि बोधक चिह्न किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**18.** मौखिक अभिव्यक्ति के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/hindi/2019

2. हिन्दी का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/hindi/

3. हिन्दी के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/hindi/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN